

# रिपोर्ट टाइम्स मीडिया

शेखावाटी का सबसे विश्वसनीय डिजिटल ई पेपर

**सुविचार -** आपके पास नए अवसर हर रोज आते हैं, बस अवसरों का सही इस्तेमाल करने की जरूरत है।


| मंगलवार, 09 सितंबर 2025<br>आश्विन कृष्ण पक्ष द्वितीया | वर्ष - 07 | अंक 29 | UAN NO. RJ21D0011677 | reporttimes.in@gmail.com | www.reporttimes.in |
|---|---|---|---|---|---|








नेपाल की राजधानी काठमांडू में सरकार द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर रोक के विरोध में सड़कों पर उमड़े लोग

## देर रात नेपाल ने सोशल मीडिया से बेन हटाया, गृह मंत्री रमेश लेखक का इस्तीफा

एजेंसी. काठमांडू। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर बेन से नाराज लोगों के प्रदर्शन के दौरान 20 लोगों की मौत हो गई और करीब 500 लोग घायल हुए हैं। हिसंक प्रदर्शन को देखते हुए नेपाल सरकार ने सोमवार देर रात सोशल मीडिया मंचों पर लगाया गया बैन वापस ले लिया है। नेपाल सरकार के प्रवक्ता और सूचना तथा संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग ने फैसले की जानकारी मीडिया को दी। उधर, नेपाल के गृह मंत्री रमेश लेखक ने प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर आयोजित कैबिनेट बैठक के दौरान प्रधानमंत्री को अपना इस्तीफा सौंप दिया। हालांकि प्रदर्शनकारी प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं। अभी भी राजधानी के कुछ हिस्सों में स्थिति बेहद तनावपूर्ण है. नेपाल के काठमांडू, कास्की (पोखरा), रूपनदेही जिले और सुनसरी जिले के कुछ हिस्सों में कर्फ्यू लगाया गया है.

## संसद में घुसे प्रदर्शनकारी, फायरिंग से 20 लोगों की मौत, 500 घायल

एजेंसी. काठमांडू। नेपाल की राजधानी काठमांडू में सोशल मीडिया बैन के खिलाफ युवाओं ने ओली सरकार के खिलाफ बगावत कर दी है। राजधानी की सड़कों पर हजारों युवा उतर आए हैं। इस आंदोलन को "जेन जी रिवॉल्यूशन" नाम दिया गया है, जिसमें युवा वर्ग, खासकर छात्र और नई पीढ़ी के युवा शामिल हैं। हजारों छात्र सड़कों पर उतर आए हैं। ये विरोध प्रदर्शन उस वक्त शुरु हुआ जब केपी शर्मा ओली की सरकार ने पिछले हफ्ते सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया। प्रदर्शन में 20 लोगों के मारे जाने की रिपोर्ट है और 500 से अधिक लोग घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सुरक्षाकर्मियों ने लाठी चार्ज किया, आंसू गैस के गोले दागे और गोलियां भी चलाई हैं। नेपाल में फेसबुक, ट्विटर समेत ज्यादातर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बैन लगा दिया गया है। हालांकि शुरुआत में यह आंदोलन सिर्फ ऑनलाइन असंतोष और बहस तक सीमित था, लेकिन देखते ही देखते यह डिजिटल स्पेस से निकलकर सड़कों पर बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शनों में बदल गया। हजारों की संख्या में जुटे प्रदर्शनकारी संसद भवन को घेरने की कोशिश की और पुलिस की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स तोड़ दिए।

हजारों की संख्या में Gen-Z लड़के और लड़कियां सड़कों पर उतर आए। Gen-Z का मतबल 1997 के बाद पैदा हुए लोगों से है, जो अब 18 से 30 वर्ष के बीच के युवा हैं, जो इंटरनेट और टेक्नोलॉजी के साथ बड़े हुए हैं। दुनिया में क्या चल रहा है युवा इससे अवगत हैं। यहां लोग सोशल मीडिया का खूब इस्तेमाल करते हैं। इंस्टाग्राम जैसे फेमस प्लेटफॉर्म के नेपाल में लाखों यूजर्स हैं।

प्रदर्शनकारी नेपाल के संसद परिसर में घुस गए। इसे देखते हुए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे और पानी की बौछार की। ये प्रदर्शनकारी नेपाल में सोशल मीडिया बैन के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। इसके मद्देनजर काठमांडू में कर्फ्यू लगा दिया गया है। सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। नेपाल में सोशल मीडिया बैन सिर्फ एक तकनीकी या प्रशासनिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह सीधे लोकतांत्रिक मूल्यों और जनता की आजादी से जुड़ा हुआ है। विरोध प्रदर्शनों का दमन और बैन जारी रहा तो यह नेपाल के लोकतंत्र के लिए एक गंभीर चुनौती बन सकता है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली पहले ही कह चुके हैं कि देश को कमजोर किए जाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ओली ने हाल ही में एक सम्मेलन के दौरान कहा था कि सरकार राष्ट्र को कमजोर करने वाले किसी भी कार्य को कतई बर्दाश्त नहीं करेगी।

## राजस्थान एसआई भर्ती परीक्षा 2021 को रद्द करने पर रोक

रिपोर्ट टाइम्स. जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट से एसआई भर्ती-2021 पेपर लीक मामले में सोमवार को बड़ा फैसला सामने आया. हाईकोर्ट की खंडपीठ (double bench) ने एसआई भर्ती मामले में एकल पीठ (Single bench) के गत 28 अगस्त के आदेश को रद्द कर दिया। सिंगल बेंच ने गत 28 अगस्त को याचिकाओं पर फैसला करते भर्ती रद्द करने की मंशा जताई और राज्य सरकार को आरपीएससी (RPSC) में विस्तृत रिपोर्ट देने और उसके बाद आगामी कार्रवाई के आदेश दिए थे। वहीं डबल बेंच ने भर्ती में चयनित अभ्यर्थियों को फील्ड पोस्टिंग देने पर लगी रोक जारी रखी। डबल बेंच अब इस मामले की 8 अक्टूबर को सुनवाई करेगी।





बिहार के जो लाखों मतदाता वोटर आईडी और आधार कार्ड को मान्यता न होने की वजह से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए अपने पुराने दस्तावेज नहीं दिखा पा रहे थे, उन्हें सुप्रीम कोर्ट के आदेश से फायदा होगा।

# बिहार SIR पर सुप्रीम कोर्ट का बड़ा आदेश
## 'आधार कार्ड को माना जाए 12वां दस्तावेज'

एजेंसी. नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार के मतदाताओं के लिए राहत का फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चुनाव अधिकारियों द्वारा आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में माना जाएगा। बता दें कि बिहार के जो लाखों मतदाता वोटर आईडी और आधार कार्ड को मान्यता न होने की वजह से वोटर लिस्ट में नाम जुड़वाने के लिए अपने पुराने दस्तावेज नहीं दिखा पा रहे थे, उन्हें इससे फायदा होगा। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से अपने अधिकारियों को आधार कार्ड को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार करने के बारे में निर्देश जारी करने को कहा है। SIR पर फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आधार कार्ड को सूची में जगह दी जा सकती है। हालांकि इसे नागरिकता के प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। आधार कार्ड की प्रामाणिकता और वास्तविकता की जांच करने का अधिकार अधिकारियों को रहेगा। SIR के तहत चुनाव आयोग ने बिहार के सभी नागरिकों से नागरिकता प्रमाण पत्र दिखाने की मांग की थी। इसके लिए चुनाव आयोग ने 11 दस्तावेजों की सूची जारी की थी, जिनसे नागरिकता सिद्ध की जा सकती है। लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने 12वें दस्तावेज के रूप में आधार कार्ड को जोड़ने का आदेश दिया है।

## मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण की राह होगी आसान? भारत ने बेल्जियम को भेजा सुविधाओं का पूरा ब्यौरा

एजेंसी | नई दिल्ली

**प्रत्यर्पण का प्रयास :** 12,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक (PNB) फ्रॉड मामले में वांछित कारोबारी मेहुल चोकसी के प्रत्यर्पण को लेकर भारत सरकार ने बेल्जियम को एक विस्तृत आश्वासन दिया है। भारत ने यह गारंटी दी है कि यदि चोकसी का प्रत्यर्पण किया जाता है, तो उसे जेल में पर्याप्त भोजन, 24x7 चिकित्सा देखभाल और स्वच्छ सुविधाएं मिलेंगी।

आर्थर रोड जेल में रहेगा चोकसी : 66 वर्षीय चोकसी को अप्रैल में बेल्जियम के एंटवर्प में गिरफ्तार किया गया था। उसके वकीलों ने तर्क दिया है कि वह कैंसर सहित कई गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित है और उसे हिरासत में नहीं रखा जाना चाहिए। इस पर, गृह मंत्रालय ने बेल्जियम के अधिकारियों को एक पत्र भेजा है, जिसमें बताया गया है कि भारत लाए जाने के बाद चोकसी को मुंबई की आर्थर रोड जेल परिसर की बैरक नंबर 12 में रखा जाएगा। पत्र में लिखा गया है, "आर्थर रोड जेल में एक 20 बिस्तरों वाला अस्पताल है, जिसमें 6 मेडिकल ऑफिसर, नर्स, फार्मासिस्ट और अन्य लैब स्टाफ 24x7 मौजूद रहेंगे। यह अस्पताल पूरी तरह से सुसज्जित है और इसमें ईसीजी जैसी सुविधाएं भी हैं। आपात स्थिति में, कैदी को जेल से 3 किलोमीटर से भी कम दूरी पर स्थित सरकारी अस्पताल में भेजा जा सकता है।

# कौन बनेगा अगला उपराष्ट्रपति ? आज सांसद करेंगे चुनाव

**पूरे देश की नजर इस चुनाव पर है और लोग ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि देश का अगला उपराष्ट्रपति कौन होगा?**

एजेंसी. नई दिल्ली

मंगलवार को देश के उपराष्ट्रपति पद का चुनाव होने वाला है। ऐसे में पूरे देश की नजर इस चुनाव पर है और लोग ये जानने के लिए उत्सुक हैं कि देश के उपराष्ट्रपति NDA उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन होंगे या INDI गठबंधन के उम्मीदवार सुदर्शन रेड्डी बनेंगे। हालांकि जानकारों का मानना है कि इस चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (NDA) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन जीत सकते हैं। लेकिन जीत का अंतर पिछले चुनावों जितना बड़ा होना मुश्किल लग रहा है।

लोकसभा और राज्यसभा में कुल मिलाकर 781 सदस्य हैं। इसमें NDA को सपोर्ट करने वाले सदस्यों की संख्या 439 है और INDIA को सपोर्ट करने वाले सदस्यों की संख्या 327 है।

उपराष्ट्रपति चुनाव में संसद के दोनों सदनों लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य वोटिंग करते हैं। इस लिहाज से एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन के पास सांसदों की संख्या ज्यादा है और 'इंडिया' ब्लॉक के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी उनसे पिछड़ सकते हैं।



उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए की तरफ से सीपी राधाकृष्णन और इंडिया गठबंधन की तरफ से सुदर्शन रेड्डी उम्मीदवार हैं।

### सांसद अपनी इच्छा से दे सकते हैं वोट

खास बात ये है कि उपराष्ट्रपति के चुनाव में सांसद अपनी इच्छा से भी वोट दे सकते हैं। यानी इस चुनाव में कुछ भी हो सकता है और क्रॉस वोटिंग होना भी सामान्य बात है। उदाहरण के तौर पर साल 2022 में जब जगदीप धनखड़ ये चुनाव जीते थे तो उन्हें वाईएसआर कांग्रेस और ओडिशा के तत्कालीन मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की बीजू जनता दल के वोट भी मिले थे। ऐसे में देखना ये होगा कि उपराष्ट्रपति चुनाव में कौन जीत दर्ज करता है।

लोकसभा में किसके पास कितने सदस्य? : लोकसभा में NDA के पास 299 सदस्य हैं और INDIA के पास 236 सदस्य हैं। यहां भी NDA का पलड़ा भारी है, जोकि उपराष्ट्रपति चुनाव में एक अहम फैक्टर साबित होगा।

## महाराष्ट्र में शिवसेना शिंदे गुट ने बीजेपी के विरोधी से मिलाया हाथ

पूजा शशांक निर्मल | मुंबई

राजनीति : मुंबई से सटे उल्हासनगर में उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने उल्हासनगर के कुख्यात और बाहुबली नेता पप्पू कलानी के परिवार के साथ हाथ मिला लिया है।

शिंदे सेना और कलानी परिवार का गठबंधन : पप्पू कलानी एक कुख्यात अपराधी है। पप्पू कलानी उल्हासनगर से विधायक रह चुका है। उल्हासनगर में कलानी रसूखदार सियासी परिवार है। पप्पू कलानी के बेटे ओमी कलानी ने हाल ही में शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे से मुलाकात की और आगामी उल्हासनगर महानगर पालिका चुनावों में शिवसेना को पूरा समर्थन देने का ऐलान किया।

बीजेपी के लिए बन सकता है सिरदर्द : यह गठबंधन बीजेपी के लिए सिरदर्द बन सकता है, क्योंकि उल्हासनगर में बीजेपी का एक मजबूत जनाधार है। पिछले विधानसभा चुनाव में बीजेपी उम्मीदवार ने ओमी कलानी को हराकर ही जीत हासिल की थी, जिससे दोनों परिवारों के बीच राजनीतिक दुश्मनी जगजाहिर है। बीजेपी भी उल्हासनगर महानगर पालिका चुनाव की तैयारियों में जुटी हुई है और इस क्षेत्र से विधायक भी बीजेपी के ही हैं। ऐसे में शिंदे सेना का कलानी परिवार के साथ आना न सिर्फ बीजेपी की रणनीति को प्रभावित कर सकता है, बल्कि महायुति के भीतर भी तकरार पैदा कर सकता है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि बीजेपी इस नए सियासी घटनाक्रम पर क्या प्रतिक्रिया देती है?

# डॉ. लोकेश भिवानी विवि में सदस्य मनोनीत

**चौधरी बंसीलाल विवि भिवानी के गवर्निंग एक्जिक्यूटिव काउंसिल के सदस्य मनोनीत लोगों ने दी बधाई**

संजय दाधीच, रिपोर्ट टाइम्स | चिड़ावा

चिड़ावा। जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ लोकेश शेखावत को चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय भिवानी के गवर्निंग एक्जीक्यूटिव काउन्सिल का सदस्य मनोनीत किया गया है। डॉ शेखावत को हरियाणा के राज्यपाल महामहिम प्रोफेसर असीम कुमार घोष ने आगामी तीन वर्ष के लिए मनोनीत किया है। डॉ शेखावत के मनोनयन पर भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा, डॉ शंभू पॅवार, विश्व हिन्दू परिषद के जिलाध्यक्ष पृथ्वीराज शर्मा, पूर्व पार्षद सुरेश जलिन्दरा, रजनीकांत मिश्रा, सुशील शर्मा, एडवोकेट महेश शर्मा, अशोक सिंह शेखावत, विष्णु रुंथला, जे.पी.सोनी, शुभराम शर्मा, नरेन्द्र अरड़ावतिया, अमीलाल झाझडिया ने बधाई दी है।



# किरोड़ी बोले - जब भी आपदा आती तो किरोड़ी याद आता है



रिपोर्ट टाइम्स. जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को राजस्थान मसाला कॉन्क्लेव 2025 का जयपुर बिड़ला ऑडिटोरियम में उद्घाटन किया। राज-स्पाइस ऐप का लोकार्पण, मसालों से संबंधित योजनाओं के फोल्डर का विमोचन, हम्माल और पल्लेदार श्रम सम्मान कार्ड का विमोचन, टोंक के सोनवा स्थित फूड पार्क का वर्चुअल लोकार्पण और 143.37 करोड़ के सड़क व मंडी विकास निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया गया। इसके अलावा 83.49 करोड़ रुपए मंडी विकास निर्माण कार्यों का लोकार्पण और जोधपुर एवं टोंक कृषि मंडी के इनक्यूबेशन सेंटर का लोकार्पण भी हुआ। कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा और गौतम दक मौजूद थे। जीरे में नंबर वन राजस्थान: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य में मसाला क्षेत्र में बहुत संभावनाएं हैं। सरकार इस क्षेत्र को बढ़ावा देने को दृढ़ संकल्प है। राज्य में कॉमन इनक्यूबेशन सेंटर बनाए जा रहे हैं, जहां मसालों और दालों पर कार्य होगा। सीएम ने किसानों को मसाला और डेयरी उद्योग से जुड़ने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे आर्थिक तरक्की होगी। राज्य में पंच गौरव में वनस्पति और फल शामिल हैं। मंत्री किरोड़ी ने मंच से कहा कि प्रदेश सरकार ने मुझे आपदा से निपटने का जिम्मा दे रखा है। उन्होंने कहा कि जब भी प्रदेश में कोई आफत आती है तो किरोड़ी याद आता है, चाहे वसुंधरा राजे की सरकार हो या भजनलाल की।मुझे दोनों ही नेताओं ने आपदा से निपटने की जिम्मेदारी दी। कृषि मंत्री किरोड़ी ने कहा कि राजस्थान देश में जीरे में नंबर एक और धनिया में दूसरे स्थान पर है। सरकार मसाला उद्योग को बढ़ावा देने को संकल्पबद्ध है। किसान हित में कार्य कर रही है। फसल बीमा मामले में शिकायतें दूर की जाएगी और नकली खाद पर कार्रवाई की जाएगी। सरकार का उद्देश्य किसानों को उत्तम खाद, बीज और मसाला उत्पादन के लिए प्रोत्साहित करना है। इसे एक्सपोर्ट करने की जिम्मेदारी भी सरकार निभाएगी।



# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

## सब्जी लेने जा रहे बाइक सवार में ट्रेक्टर ट्रॉली ने मारी जोरदार टक्कर

आकाश वर्मा, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। ओजटू - पिलानी बाइपास रोड पर बावलिया बाबा मंदिर के पीछे रविवार देर रात एक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक सवार मनोज कुमार को टक्कर मार दी। श्योपुरा गांव के मनोज (39) की मौके पर ही मौत हो गई। मनोज रात को घर से सब्जी लेने निकले थे। बाइपास रोड पर अंधेरे में यह हादसा हुआ। हादसे के बाद ट्रैक्टर-ट्रॉली चालक मौके से फरार हो गया। राह से गुजर रहे युवकों ने मनोज को अस्पताल पहुंचाया। सिर में गंभीर चोट के कारण डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। चिड़ावा पुलिस थाने से एएसआई ओमप्रकाश नरूका टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस फरार चालक की तलाश कर रही है। मनोज पेशे से ड्राइवर थे और मुर्गा सप्लाई की गाड़ी चलाते थे। वे सात भाई-बहनों में सबसे छोटे थे। उनके पिता कैलाश चंद किसान हैं और माता रुक्मिणी देवी गृहिणी हैं।मनोज के परिवार में छह बहनें और एक बड़ा भाई विक्की हैं। सभी बहनों की शादी हो चुकी है। दोनों भाइयों की शादी नहीं हुई थी। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पिता कैलाश चंद ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है। इस घटना से पूरे गांव में शोक का माहौल है।

### भगवत प्रसाद मकवाना आज झुंझुनूं दौरे पर, जिला स्तरीय अधिकारियों की लेंगे बैठक

रिपोर्ट टाइम्स. झुंझुनूं। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की केन्द्रीय मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य एवं उत्तराखण्ड सरकार के सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री) भगवत प्रसाद मकवाना 9 सितंबर को झुंझुनू के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान सुबह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठक में मैनुअल स्कैवेंजर्स अधिनियम 2013 के क्रियान्वयन व स्वच्छता कर्मियों (सफाई कर्मचारियों) और उनके आश्रितों के पुनर्वास से संबंधित योजनाओं की प्रगति की की समीक्षा करेंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे नर्बदा अतिथि भवन, इंडाली मोड़ के सामने, रोड नंबर 3 पर आयोजित 'राष्ट्रीय वाल्मीकि अभिनंदन समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। इसके अलावा मकवाना झुंझुनू शहर की विभिन्न वाल्मीकि बस्तियों का भी भ्रमण करेंगे, जहाँ वे समुदाय के लोगों से सीधे बातचीत कर उनकी समस्याओं और चुनौतियों को समझेंगे।



# भाजपा नेता दहिया पहुंचे खेतों में

## अधिकारियों के साथ फसलों में खराबे का लिया जायजा

रोहित कुमार, रिपोर्ट टाइम्स. पिलानी। विधानसभा क्षेत्र में हाल ही में हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से फसलों को हुए नुकसान का जायजा लेने के लिए भाजपा प्रत्याशी रहे राजेश दहिया के साथ प्रशासनिक अधिकारियों की एक टीम ने गांवों का दौरा किया। टीम में पिलानी के तहसीलदार सोनू आर्य , चिड़ावा तहसीलदार रामकुमार पूनिया और नायब तहसीलदार हरीश यादव एवं पटवारी गण शामिल थे। इस दौरे के दौरान, टीम ने हमीनपुर, बनगोठड़ी , बेरी, लिखवा, छापड़ा, दुधवा, पिपली, डुलानिया, मोरवा, नरहर, गोवली, बदनगढ़, इस्माइलपुर, स्योपुरा सहित कई गांवों में गिरदावरी (फसल के नुकसान का आकलन) की। किसानों ने अधिकारियों को अपनी बर्बाद हुई फसलों को दिखाया और मुआवजे की मांग की। किसानों ने अपनी आपबीती साझा करते हुए बताया कि कैसे उनकी खड़ी फसलें अचानक हुई बारिश और ओलावृष्टि से पूरी तरह खराब हो गईं। दहिया ने किसानों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से लिया जाएगा और सरकार तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने कहा, "हम किसानों के साथ हैं और उन्हें हुए नुकसान का उचित मुआवजा दिलाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। मैंने अधिकारियों से कहा है कि वे जल्द से जल्द गिरदावरी का काम पूरा करें और रिपोर्ट तैयार करें ताकि किसानों को समय पर मदद मिल सके।" दहिया ने बताया की ग्रामीणों ने बताया है कि बैंक कर्मियों द्वारा फसल कुछ दिखा रखी है और ग्राउंड पर फसल कुछ और है। जिसको लेकर जिला कलेक्टर से बात की, जिस पर जिला कलेक्टर ने इस समस्या का समाधान करवाने का आश्वासन दिया। तहसीलदार सोनू आर्य और चिड़ावा तहसीलदार रामकुमार पूनिया ने बताया कि गिरदावरी का काम तेजी से चल रहा है और प्रभावित गांवों का दौरा कर रिपोर्ट बनाई जा रही है। रिपोर्ट जल्द ही तैयार करके उच्च अधिकारियों को भेजी जाएगी ताकि किसानों को जल्द से जल्द राहत मिल सके।"



### स्कूल के नए प्रवेश द्वार का लोकार्पण

#### शहीद सूबेदार निहालसिंह राजकीय उमावि नूनियां गोठड़ा में भामाशाहों ने बनाया है नया द्वार

विद्याधर सिंह, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा। शहर के पास शहीद सूबेदार निहालसिंह राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नूनियां गोठड़ा में नवनिर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। यह प्रवेश द्वार महादेवराम और पतासीदेवी की स्मृति में निहालसिंह नूनियां, हवलदार सुभाषचंद्र नूनियां, उम्मेद नूनियां और संजय नूनियां द्वारा बनवाया गया है। समारोह की मुख्य अतिथि जिला प्रमुख हर्षिनी कुल्हरी थीं, जिन्होंने फीता काटकर प्रवेश द्वार का विधिवत लोकार्पण किया। उन्होंने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह दानदाताओं की ओर से शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रतीक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला उपभोक्ता मंच के अध्यक्ष मनोज मील ने की, जिन्होंने अपने संबोधन में शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथियों में विश्वंभर पूनियां, जिला परिषद सदस्य नरेंद्र लमोरिया, कपिल कटेवा बख्तावरपुरा, खुडाना सरपंच महावीर सिंह, लांबा गोठड़ा सरपंच संजय सैनी, नारी के पूर्व सरपंच जगदीश सिंह, अशोक मालानी, सुभाषचंद्र, सुरेंद्र भांबू, राजेंद्र ठेकेदार और वीरेंद्र लांबा शामिल थे। प्रारंभ में, विद्यालय परिवार और ग्रामीणों द्वारा सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों, छात्रों और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

## चिड़ावा में रिटेलर मीट कार्यक्रम आयोजित

# नैनो उर्वरकों के उपयोग पर दी गई जानकारी, 100 से अधिक खाद-बीज डीलरों ने लिया हिस्सा







चिड़ावा में पंचायत समिति सभागार में कृषि विभाग और इफको की ओर से रिटेलर मीट का आयोजन हुआ।

● **संजय दाधीच, ब्यूरो हेड, रिपोर्ट टाइम्स. चिड़ावा।** इफ्को एवं कृषि विभाग झुंझुनूं के संयुक्त तत्वावधान में चिड़ावा पंचायत समिति सभागार में रिटेलर मीट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में चिड़ावा कृषि उपखंड के 100 से अधिक खाद-बीज डीलर उपस्थित रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त निदेशक कृषि झुंझुनूं राजेंद्र लांबा ने की, जबकि मुख्य अतिथि सहायक निदेशक कृषि रणवीर पूनिया रहे। इस अवसर पर इक्को जयपुर के डॉ. अजय प्रताप सिंह ने आधुनिक तकनीकी आधारित नैनो उर्वरकों के महत्व और उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संयुक्त निदेशक कृषि राजेन्द्र लाम्बा ने उर्वरक नियंत्रण अधिनियम, किसानों को समय पर गुणवत्तापूर्ण खाद-बीज उपलब्ध करवाने तथा आगामी रबी सीजन की तैयारियों पर चर्चा की। उन्होंने डीलरों से आग्रह किया कि वे किसानों को निर्धारित दर पर खाद-बीज उपलब्ध कराएं और बिक्री केवल पॉस मशीन से करें। साथ ही डीएपी के विकल्प के रूप में एसएसपी को बढ़ावा देने की बात कही। किसानों को जागरूक करने के लिए डीलरों को पोस्टर भी उपलब्ध करवाए गए। डॉ. अजय प्रताप सिंह ने दानेदार यूरिया के अधिक प्रयोग के नुकसान बताते हुए नैनो यूरिया का प्रयोग करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि नैनो यूरिया का 5 मिली प्रति लीटर पानी के साथ खड़ी फसल पर छिड़काव लाभकारी है। वहीं नैनो डीएपी से सभी फसलों के बीजों का उपचार करने की सलाह दी गई। मोटे दाने वाले फसलों में 5 मिली प्रति किलो बीज तथा सरसों व छोटे दाने वाली फसलों में 10 मिली प्रति किलो बीज की दर से उपचार करने पर बल दिया गया। इन्फो सीकर के उपक्षेत्र प्रबंधक एस.एल. गठाला ने खाद की वर्तमान कमी और दानेदार यूरिया के अधिक प्रयोग से होने वाले दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को 50 से 75 प्रतिशत तक घटाकर नैनो डीएपी व नैनो यूरिया का प्रयोग करना चाहिए। इस मौके पर रतेरवाल सीड्स चिड़ावा के संचालक कृष्ण कुमार शर्मा ने कहा कि किसानों को यूरिया और डीएपी आधार कार्ड पर दो कटे देकर वितरण करना उचित नहीं है। यह वितरण किसानों की जमीन के आकार और आवश्यकता के हिसाब से होना चाहिए, ताकि हर किसान को उसकी खेती के लिए पर्याप्त खाद-बीज समय पर मिल सके। कार्यक्रम में ओमप्रकाश शर्मा, रघुवीर नुनिया, प्रेमप्रकाश, शीशराम, अशोक अग्रवाल, नरेन्द्र, अनिल घतरवाल, सोमवीर शर्मा, कृष्णकान्त शर्मा, प्रमित, मनोज, कुलदीप दाताराम, सतिश कौशिक, सुरेश सैनी सहित सैकड़ों डीलर मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय जाट महासंघ महिला मोर्चा ने धूमधाम मनाया साक्षरता दिवस



रिपोर्ट टाइम्स. झुंझुनूं। राष्ट्रीय जाट महासंघ महिला मोर्चा की शहर ब्लॉक अध्यक्ष रेणु कस्वां, उपाध्यक्ष चंद्रकला चौधरी एवं महासचिव रितू गढ़वाल के सानिध्य में झुंझुनूं में स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय में पाठ्य सामग्री वितरित कर साक्षरता दिवस धूमधाम से मनाया गया। संस्था प्रधान राजेश कुमार ने साक्षरता दिवस पर रैली निकाली। चंद्रकला चौधरी व ऋतु गढ़वाल ने बच्चों को शिक्षा का महत्व समझाते हुए गरीब बच्चों को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया। शहर ब्लॉक अध्यक्ष रेणु कस्वां ने भी विचार रखे। इस अवसर पर अध्यापक प्रमिला देवी, अध्यापक गरिमा देवी सहित विद्यालय में सेंकड़ों छात्र/ छात्राएं उपस्थित रहे।

### खेतड़ी अग्रवाल समाज के अध्यक्ष बने प्रदीप झुंझुनूंवाला



रोहित कुमार, रिपोर्ट टाइम्स. खेतड़ी। अग्रवाल समाज खेतड़ी के चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। इस मौके पर प्रदीप झुंझुनू वाले को अध्यक्ष चुना गया। कार्यकारिणी गठन में संरक्षक जगदीश गुप्ता को, उपाध्यक्ष पद पर रामगोपाल चौधरी, महामंत्री पद पर सुधीर गुप्ता, कोषाध्यक्ष पद पर हरीश अग्रवाल को चुना गया। संगठन मंत्री की जिम्मेदारी सोनू अग्रवाल और मंत्री पद पर सुरेश शाह नियुक्त हुए। इसके अलावा मीडिया प्रभारी की भूमिका राजेश गर्ग और संजय नालपुरिया निभाएंगे। प्रचार मंत्री पद पर मोनू मादोपुरिया तथा सांस्कृतिक मंत्री पद पर कैलाश गर्ग को जिम्मेदारी दी गई।

# एशिया कप में आज से क्रिकेट का धमाल

## महाद्वीप के आठ शीर्ष देश करेंगे प्रतिस्पर्धा

**टूर्नामेंट में इस बार नहीं दिखेंगे रोहित विराट**




एजेंसी. दुबई।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 9 से 28 सितंबर तक आयोजित होने वाले एशिया कप 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट में महाद्वीप के आठ शीर्ष देश खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) द्वारा आयोजित यह टूर्नामेंट का 17वां संस्करण है, जिसे T20I फॉर्मेट में खेला जाएगा। टीमों की संख्या के मुताबिक, यह इतिहास का सबसे बड़ा एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट है। 2023 के संस्करण में छह देशों ने हिस्सा लिया था। भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, हांगकांग, चीन, ओमान और मेजबान संयुक्त अरब अमीरात इस साल एशिया कप के खिताब के लिए प्रतिस्पर्धा करने वाली आठ टीमें हैं।

ये टीमें दो ग्रुपों में विभाजित होंगी और अपने अभियान की शुरुआत करेंगी। हर ग्रुप से टॉप दो टीमें सुपर 4 में पहुंचेंगी। इसके बाद शीर्ष दो टीमें 28 सितंबर को होने वाले फाइनल में एक-दूसरे का सामना करेंगी। डिफेंडिंग एशिया कप चैंपियन भारत और उनके चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान, मेजबान संयुक्त अरब अमीरात और ओमान के साथ ग्रुप ए में काबिज हैं।

जबकि श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हांगकांग, ग्रुप बी में हैं। पिछले साल T20 वर्ल्ड कप में अपने ऐतिहासिक प्रदर्शन के बाद, अफगानिस्तान ने एशियन कप 2025 के लिए अपनी टीम का ऐलान सबसे पहले किया था। अनुभवी ऑलराउंडर राशिद खान 17 सदस्यीय टीम का नेतृत्व करेंगे। सूर्यकुमार यादव अपनी चोट से पूरी तरह से उबर चुके हैं और वह एशिया कप 2025 में टीम इंडिया की कप्तानी करते हुए दिखाई देंगे। वहीं शुभमन गिल उपकप्तान की भूमिका निभाएंगे।

आपको बता दें कि आठ खिताबों के साथ, भारत एशिया कप इतिहास की सबसे सफल टीम है। पिछले साल अमेरिका में वर्ल्ड कप जीतने के बाद रोहित शर्मा और विराट कोहली ने T20I क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। दोनों के रिटायर होने के बाद यह भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम का इस फॉर्मेट में पहला बड़ा मल्टी-टीम टूर्नामेंट होगा। इस बीच, भारत के चिर-प्रतिद्वंद्वी और दो बार के महाद्वीपीय चैंपियन पाकिस्तान ने बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान जैसे स्टार खिलाड़ियों को टीम का हिस्सा नहीं बनाया है। आगामी टूर्नामेंट में उनकी कप्तानी सलमान अली आगा करेंगे। इस बीच, छह बार की चैंपियन श्रीलंका, जो भारत और पाकिस्तान के अलावा एशिया कप खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम है, की कमान चरिथ असलांका के हाथों में है। स्टार स्पिनर वानिंदु हसरंगा को चोट के बाद भी टीम में शामिल किया गया है। मेजबान यूएई ने एशिया कप टीम का ऐलान सबसे आखिर में किया और टीम का नेतृत्व मुहम्मद वसीम करेंगे।







विजेता को दी जाएगी ये ट्रॉफी

## एशिया कप में कई टीम उलटफेर की फिराक में यूएई और अफगानिस्तान पर रहेगी खास नजर

भारतीय टीम एशिया कप 2025 में धमाकेदार प्रदर्शन करने के लिए तैयार है। मंगलवार (9 सितंबर) को टूर्नामेंट की शुरुआत होगी। इसके एक दिन बाद बुधवार को भारत अपना पहला मैच यूएई के खिलाफ खेलेगा। 14 तारीख को उसकी भिड़ंत पाकिस्तान और 19 को ओमान से होगी। भारत टूर्नामेंट में ट्रॉफी जीतने का प्रबल दावेदार है। कागज पर उसके सामने सारी टीमें कमजोर नजर आती हैं, लेकिन क्रिकेट में कभी भी उलटफेर हो सकता है। वहीं अफगानिस्तान की टीम को भी हल्के में नहीं लिया जा सकता।

एशिया कप 2025 का खुमार भारत में छा चुका है। कुछ ही घंटों में एशिया कप का आगाज हो जाएगा। टीम इंडिया अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर से यूएई के खिलाफ करेगी। इस मुकाबले से पहले रवि शास्त्री ने भारतीय टीम की ताकत जगजाहिर कर दी है। उन्होंने सूर्या एंड कंपनी की तारीफ की और बताया कि ये भारतीय टीम अनुभव और क्षमता के सही मिश्रण का उदाहरण है।'

भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप में खिताब बचाने के लिए तैयार है। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में टीम अपने अभियान की शुरुआत 10 सितंबर को यूएई के खिलाफ करेगी। उससे एक दिन पहले ही अफगानिस्तान और हांगकांग के बीच मैच से एशिया कप की शुरुआत हो जाएगी। भारत टूर्नामेंट जीतने का प्रबल दावेदार है। पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण का मानना है कि अर्शदीप सिंह और जसप्रीत बुमराह का फॉर्म भारत के लिए काफी अहम होगा।

**खास बात** एशिया कप की टीमें प्रैक्टिस में जुटी, इस बार मिलेगी कड़ी चुनौती

## एशिया कप में मचेगा धमाल, टीम इंडिया और पाकिस्तान का मैच रहेगा खास

भारतीय क्रिकेट टीम: सूर्यकुमार यादव (कप्तान), शुभमन गिल (उपकप्तान), अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा, हार्दिक पांड्या, शिवम दुबे, अक्षर पटेल, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव, संजू सैमसन (विकेटकीपर), हर्षित राणा, रिंकू सिंह

रिजर्व: प्रसिद्ध कृष्णा, वाशिंगटन सुंदर, रियान पराग, ध्रुव जुरेल, यशस्वी जायसवाल

पाकिस्तान एशिया कप 2025 टीम : पाकिस्तान क्रिकेट टीम: सलमान अली आगा (कप्तान), अबरार अहमद, फहीम अशरफ, फखर जमान, हारिस रऊफ, हसन अली, हसन नवाज, हुसैन तलत, खुशदिल शाह, मोहम्मद हारिस (विकेटकीपर), मोहम्मद नवाज, मोहम्मद वसीम जूनियर, साहिबजादा फरहान, सैम अयूब, सलमान मिर्जा, शाहीन अफरीदी, सुफियान मोकिम

श्रीलंका क्रिकेट टीम: चरिथ असलांका (कप्तान), पथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कुसल परेरा, नुवानिदु फर्नांडो, कामिंदु मेंडिस, कामिल मिशारा, दासुन शनाका, वानिंदु हसरंगा, डुनिथ वेललागे, चमिका करुणारत्ने, महीश थीक्षणा, दुशमंथा चमीरा, बिनुरा फर्नांडो, नुवान तुषारा, मथीशा पथिराना

बांग्लादेश क्रिकेट टीम: लिट्टन दास (कप्तान, विकेटकीपर), तंजीद हसन, परवेज हुसैन इमोन, सैफ हसन, तौहीद हृदोय, जेकर अली अनिक, शमीम हुसैन, नुरुल हसन सोहन, महेदी हसन, रिशाद हुसैन, नसुम अहमद, मुस्तफिजुर रहमान, तंजीम हसन साकिब, तस्कीन अहमद, शोरफुल इस्लाम, शैफ उद्दीन

अफगानिस्तान क्रिकेट टीम: राशिद खान (कप्तान), रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जादरान, दरविश रसूली, सेदिकुल्लाह अटल, अजमतुल्लाह उमरजई, करीम जनत, मोहम्मद नबी, गुलबदीन नायब, शराफुद्दीन अशरफ, मोहम्मद इशाक, मुजीब उर रहमान, अल्लाह गजनफर, नूर अहमद, फरीद मलिक, नवीन-उल-हक, फजलहक फारूकी

हांगकांग चीन क्रिकेट टीम: यासिम मुर्तजा (कप्तान), बाबर हयात, जीशान अली, नियाजाकत खान मोहम्मद, नसरुल्ला राणा, मार्टिन कोएट्जी, अंशुमन रथ, कल्हान मार्क चल्लू, आयुष आशीष शुक्ला, मोहम्मद ऐजाज खान, अतीक उल रहमान इकबाल, किंचित शाह, आदिल महमूद, हारून मोहम्मद अरशद, अली हसन, शाहिद वासिफ, गजनफर मोहम्मद, मोहम्मद वहीद, अनस खान, एहसान खान

ओमान क्रिकेट टीम: जतिंदर सिंह (कप्तान), हम्माद मिर्जा, विनायक शुक्ला, सुफियान यूसुफ, आशीष ओडेडेरा, आमिर कलीम, मोहम्मद नदीम, सुफियान महमूद, आर्यन बिष्ट, करण सोनावले, जिक्रिया इस्लाम, हसनैन अली शाह, फैसल शाह, मोहम्मद इमरान, नदीम खान, शकील अहमद, समय श्रीवास्तव

यूएई क्रिकेट टीम: यूएई क्रिकेट टीम: मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, अर्यांश शर्मा, आसिफ खान, ध्रुव पाराशर, एथन डिसूजा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मतिउल्लाह खान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद जोहैब, राहुल चोपड़ा, रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह, सगीर खान

## सिराज आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामांकित



एजेंसी. दुबई। भारत के मोहम्मद सिराज, न्यूजीलैंड के मैट हेनरी और वेस्टइंडीज के जेडन सील्स को सभी प्रारूपों में उनके शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन के लिए अगस्त 2025 के लिए ICC प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है। इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज के आखिरी दिन सिराज के धमाकेदार प्रदर्शन की बदौलत भारत ने द ओवल में छह रनों से नाटकीय जीत हासिल की और पांच मैचों की सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में, सिराज ने पूरे दृढ़ संकल्प के साथ गेंदबाजी का नेतृत्व किया। उन्होंने श्रृंखला के आखिरी दो पारियों में 46 से ज्यादा ओवर फेंके। पहली पारी में चार विकेट लिए और दूसरी पारी में शानदार पांच विकेट लेकर भारत को विदेशी धरती पर एक अविस्मरणीय जीत दिलाई, जिसमें सिराज को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला।

## बिहार की अंशु कुमारी बनी भारतीय रग्बी टीम की कप्तान



रिपोर्ट टाइम्स. सुपौल। सुपौल के पिपरा प्रखंड में स्थित निर्मली पंचायत की रहने वाली अंशु कुमारी ने एक बार फिर अपने जिले और राज्य का नाम रोशन कर दिया है। इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन (आईआरएफयू) ने एशिया रग्बी एमिरेट्स अंडर-18 रग्बी 7s चैंपियनशिप 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान किया है। जिसमें अंशु को लड़कियों की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यह टूर्नामेंट चीन के होह्होट शहर में 13-14 सितंबर को आयोजित होगा।

अंशु का शानदार सफर: अंशु की इस उपलब्धि से पूरे सुपौल में उत्साह की लहर दौड़ गई है, और स्थानीय लोग उन्हें बधाई दे रहे हैं। अंशु ने मात्र दो वर्षों की कड़ी मेहनत से जिला स्तर से अंतरराष्ट्रीय पटल तक अपनी पहचान बनाई है। हाल ही में थाईलैंड में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय मुकाबले से लौटी अंशु ने राजगीर में हुई एशियन रग्बी चैंपियनशिप में भारत को कांस्य पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी।